प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 31.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से की वोकल फॉर लोकल के मंत्र, आत्मनिर्भर भारत के मार्ग और विकसित भारत के लक्ष्य की अपील, स्वेदशी उत्पादों पर दिया बल।**
2. **मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने की डिजिटल ऐप प्रतिभा सेतु की चर्चा – कहा होनहार विद्यार्थियों को मिल रहा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर।**
3. **मतदाता सूची के विशेश पुनरीक्षण पर विपक्ष के विरोध की रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की निंदा – कहा किसी भी घुसपैठिये को लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने का अधिकार नही।**
4. **आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा–भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, विकास में तेजी के लिए प्रधानमंत्री जन धन योजना को दिया श्रेय।**
5. **और मौसम विभाग ने अगले 2 से 3 घंटे में झारखंड के कई जिलों में गर्जन के साथ वज्रपात की दी चेतावनी, कुछ जगहों पर बारिश के आसार।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने यानी वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि त्योहारी मौसम के दौरान देशवासियों को स्वदेशी को ध्यान में रखना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि उपहार, कपड़े और साज–सज्जा की वही चीज़ें लें, जो मेड इन इंडिया यानी भारत में बने हों अथवा भारत की सामग्री से तैयार हुए हों। जीवन से जुड़ी हर चीज़ स्वदेशी होनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्यौहारों के उत्सव के दौरान सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तो उत्साह और बढ़ जाता है। प्रधानमंत्री ने डिजिटल ऐप प्रतिभा सेतु की चर्चा की जिसमें उन परीक्षार्थियों का डेटा सुरक्षित रखा जाता है जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी की परीक्षाओं के हर चरण को पार तो किया, लेकिन अंतिम मेधा–सूची में जगह नहीं पा सके। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के ज़रिए निजी कंपनियां इन संभावनाशील विद्यार्थियों से जुड़ी जानकारी लेकर उन्हें रोज़गार दे सकती हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया कि 15 सितम्बर को भारत के महान इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेमश्वसरैय्या का जन्मदिन है जिसे इंजीनियर दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इंजीनियर केवल मशीनें नहीं बनाते, वे सपनों को हकीकत में बदलने वाले कर्मयोगी हैं। श्री मोदी ने देश के इंजीनियर समुदाय की सराहना की।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि मानसून सत्र में प्राकृतिक आपदाएं देश के लिए परीक्षा की घड़ी होती हैं। पिछले कुछ हफ़्तों के दौरान देश में बाढ़ और भू–स्खलन से बड़े पैमाने पर विनाश हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि इन घटनाओँ ने हर देशवासी को दुखी किया है और पीड़ित परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनका दर्द हम सबका साझा दर्द है। उन्होंने परीक्षा की इस घड़ी में मानवता को सबसे ऊपर रखने वाले प्रत्येक नागरिक के प्रति आभार प्रकट किया।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि किसी भी घुसपैठिये को लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने का अधिकार नहीं हैं । जमशेदपुर के बिष्टुपर में कल आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण पर विपक्ष के विरोध की निंदा की ।

****

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने देश के विकास में तेजी के लिए प्रधानमंत्री जन धन योजना को श्रेय दिया। इंदौर में श्री मल्होत्रा ने कहा कि देश की विकास यात्रा में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इस योजना के अंतर्गत 55 करोड़ खाते खोले गए।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के रांची स्थित आवास पर आयोजित गणेश पूजन उत्सव में सम्मिलित हुए।इस अवसर पर राज्यपाल ने विघ्नहर्ता श्री गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और राज्यवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

****

दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रांची रेल मंडल से स्पेशल ट्रेनों का परिचालन होगा, इसकी घोषणा कर दी गई है। यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए रेलवे ने इस बार 7 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का फैसला लिया है। इनमें से तीन ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। इन ट्रेनों का संचालन सितंबर से नवंबर 2025 तक विभिन्न गंतव्यों के लिए किया जाएगा। इसमें शामिल सांतरागाछी–अजमेर पूजा स्पेशल वाया रांची 4 अगस्त से चल रही है। 24 नवंबर तक हर सोमवार को सांतरागाछी से और हर गुरुवार को अजमेर से चलेगी। जबकि भुवनेश्वर–धनबाद फेस्टिवल स्पेशल 19 अगस्त से 30 नवंबर तक प्रतिदिन भुवनेश्वर से और 20 अगस्त से 1 दिसंबर तक प्रतिदिन धनबाद से चलेगी।

****

मौसम विभाग ने अगले 2 से 3 घंटे में झारखंड के कई जिलों में गर्जन के साथ वज्रपात की आशंका जतायी है। कुछ जगहों पर बारिश भी हो सकती है। रांची मौसम केंद्र ने यह जानकारी दी है। इसे लेकर तात्कालिक अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केंद्र के मुताबिक चतरा, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, गढ़वा, हजारीबाग, पाकुड़, साहिबगंज, दुमका, गोड्डा, लातेहार, पलामू, सरायकेला–खरसावां जिलों में कहीं–कहीं इसका असर देखने को मिलेगा।

********समाप्त***********